## सार-समाचार

### विकास रथ से योजनाओं का प्रचार-प्रसार

**जोधपुर,** (कासं)। राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में रविवार को विकास रथों (एलईडी मोबाइल वैन) के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इन विकास रथों के जरिए आमजन को सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि रविवार को जिले कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथों का ढोल-थाली की मंगल धुनों एवं गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। इन रथों द्वारा राज्य सरकार के गत दो वर्षों के कार्यों, उपलब्धियों एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला कलक्टर ने बताया कि कार्यक्रम से संबंधित प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी आमजन से सरकार के लिए सुझाव, प्रतिक्रियाएं एवं विचार भी संधारित कर रहे हैं, ताकि आगामी कार्यक्रमों को आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप संपादित एवं संचालित किया जा सके। विकास रथों के माध्यम से क्षेत्र विशेष की समस्याओं एवं उपलब्धियों की भी व्यापक जानकारी प्राप्त हो रही है। इन रथ यात्राओं में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण भी पूरे उत्साह से सहभागिता कर रहे हैं। विकास रथों (एलईडी मोबाइल वैन) पर प्रसारित सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित वीडियो गांव-ढाणियों में आमजन के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिससे लोगों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

### नारायण पुरोहित का स्वागत

**रेवदर,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा होने के बाद सिरोही जलि से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित को प्रदेश मंत्री का दायित्व देने पर पूरे सिरोही जिले में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं में नारायण पुरोहित का स्वागत करने की होड लगी हुई है। भाजपा जिला प्रवक्ता एवं राजस्थान सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन दिवस के रेवदर आबूरोड विधानसभा प्रभारी दीपेंद्र सिंह देवडा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त भाजपा प्रदेश मंत्री नारायण पुरोहित का साफा पोसी,माल्यार्पण कर एवं भगवान सारणेश्वर जी का छायाचित्र दे स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान प्रदेश मंत्री नारायण पुरोहित ने बताया कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत है और आप कार्यकर्ताओं के दम पर ही हम आने वाले आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव मे राजस्थान में भाजपा को प्रचंड जीत दिलवाएंगे। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रवक्ता दीपेंद्र सिंह देवडा,भाजपा अनादरा मंडल मन की बात संयोजक एवं पूर्व मंडल महामंत्री अशोक पुरोहित,पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जयदीप सिंह देवडा,पूर्व भाजपा मंडल मंत्री भाणाराम मेघवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिविर में 150 जनों को मिली दवा

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर कस्बे के जी बी एच जनरल हॉस्पिटल एण्ड टीम मफतलाल बुनकर के संयुक्त तत्वाधान में कस्बे के रणवीर कम्युनिकेशन पर निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में डॉ देवेंद्र जी और डॉक्टर क्षितिज माली जीबीएस हॉस्पिटल व सुपरवाइजर नरेंद्र सिंह कछावा ने अपनी सेवाएं दी। शिविर के आयोजन मफतलाल बुनकर ने बताया कि शिविर में 150 मरीज का सफलतम इलाज कर नि:शुल्क दवाई वितरण की गई । गंभीर बीमारी के 35 मरीज का चयन किया गया जिन्हें मंगलवार के दिन जी बी एस हॉस्पिटल बस के द्वारा उदयपुर इलाज हेतु पहुंचाया जाएगा। जहां पर उनका निशुल्क इलाज किया जाएगा। इस अवसर पर टीम मफत लाल बुनकर के जयंतीलाल भाट परेश कुमार पंचाल अनीता दरबार जयदीप मेघवाल जीतू सिंह भगाराम कांतिलाल बुनकर बलवंत कुमार कृष्ण लाल भाट अशोक कुमार जोशी आजम खान मिस्त्री अक्षय डाबी धनाराम फूलचंद महेश कुमार समेत दर्जन लोग उपस्थित थे सभी आगंतुक लोगों ने टीम मफतलाल बुनकर का आभार व्यक्त किया।

### नगरपरिषद में स्वच्छता कार्यक्रम हुआ

**जालोर,** (कासं)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत तथा वर्तमान सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर परिषद् जालोर की ओर से रविवार को स्वच्छता का महोत्सव थीम पर विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता थीम पर आकर्षक रंगोलियाँ बनाकर स्वच्छता संदेश दिया गया, स्मारकों एवं महत्वपूर्ण स्थलों की सफाई की गई तथा सीटी, पीटी सहित सार्वजनिक शौचालयों की विशेष सफाई कर उन्हें स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। जिससे नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढे। इस अवसर पर जालोर के सीईओ नन्द किशोर राजोरा , आयुक्त दिलीप माथुर , एईएन नरेंद्र कुमार बेरवा , जेईएन अविनाश सिंह एवं दीपक, सफाई निरीक्षक महावीर एवं सुनील तेजी सहित अन्य समस्त नगर परिषद् स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए नगर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संकल्प दोहराया।

### सलीम नागोरी ने वाहन रवाना किए

**फलोदी,** (कासं)। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से भाजपा के खिलाफ वोट चोरी कर सत्ता में काबिज होकर जनता के साथ ठगी का आरोप लगाकर दिल्ली में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड आंदोलन किया जा रहा है। पार्टी के इस आंदोलन में शामिल होने फलोदी से कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम नागोरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार को बडी संख्या में दिल्ली रवाना हुवे जिसमें ब्लॉक से लेकर गांव ढाणी से जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुवे। तकरीबन 70 से 80 गाडियों के काफिले को जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम नागौरी ने शहर के नागौर रोड पर हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष नागौरी के साथ गोपाल भट्ठड,इलमदीन,प्रधान हाजी उमरदीन,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष बिश्नोई,यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव शीशपाल जांगू, राहुल चौधरी,वल्लभ लखेश्री सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुवे।

### विहिप की बैठक आयोजित

**रेवदर,** (निसं)। विश्व हिंदू परिषद परिषद रेवदर प्रखंड की बैठक वेडेश्वर मामा जी मंदिर परिसर में आयोजित हुई बैठक में जिला अध्यक्ष शंकरलाल माली का मार्गदर्शन मिला। जिला अध्यक्ष ने आने वाले कार्य म धर्म रक्षा निधि एवं बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग जो 25 दिसंबर से बीकानेर में लगने वाला है उसके लिए प्रखंड के सभी ग्रामों से अत्यधिक बजरंगीयो का शारिक मानसिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण हो उसके निमित्त अपना विषय रखा। जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा ने गत वर्ष धर्म रक्षा निधि के निमित्त भामाशाहों के द्वारा किया गया निधि समर्पण एवं प्रशिक्षण वर्ग के लिए संख्या का आंकडा दिया।प्रखंड मंत्री विनोद जी सेन ने प्रखंड बलोपासना प्रमुख रंजित चौहान करोंटी एवं करोंटी दुर्गा वाहिनी ग्राम संयोजिका ममता प्रजापत की घोषणा कर संगठन के कार्य को गति दी व अंत में आचार पद्धति के साथ बैठक को पूर्ण करवाई।

### गुडा राम में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**जालोर,** (कासं)। निकटवर्ती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुडारामा में मेरा युवा भारत, जालौर (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ फिता काटकर किया गया। इस प्रतियोगिता में पांच टीम भाग ले रही है। सुगालिया, दूधिया, गुडा रामा, नीमला एवं नौसरा! इस प्रतियोगिता में कब्बड्डी, रस्साकसी, साइकिल रेस और सौ एवं 200 मीटर दौड का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि सूर्यवीर सिंह जोधा मार्केटिंग सोसायटी आहोर के अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी के भाद्राजून मंडल के उपाध्यक्ष डूंगर सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह एवं समस्त ग्रामवासी गुडारामा और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडी उपस्थित थे।

### अल्पसंख्यक अधिकारियों का सम्मान

**जोधपुर,** (कासं)। अल्पसंख्यक अधिकारी-कर्मचारी महासंघ, जोधपुर यूनिट द्वारा हाल ही में पदोन्नत हुए पुलिस अधिकारियों का सम्मान समारोह ऋषि फिटनेश, प्रताप नगर में आयोजित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार समारोह का उद्देश्य उत्कृष्ट सेवा और निष्ठा के लिए अधिकारियों को सम्मानित करना था। इस अवसर पर मुराद खान (एसआई), अन्जु शमीम (एएसआई), शकील खान (एएसआई), रमजान खान (एएसआई), सद्दीक साहब (एसआई), फरीद खान (एएसआई) का सम्मान किया गया। समारोह में अल्पसंख्यक अधिकारी-कर्मचारी महासंघ, जोधपुर यूनिट के कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

# सरनाऊ का छात्र संतोष मॉक विधानसभा को संबोधित करेगा

**जालोर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए प्रबल कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित मॉक विधानसभा कार्यक्रम में जालोर जिले के सरनाऊ ग्राम में स्थित पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थी संतोष विश्नोई सोमवार को राज्य विधानसभा को संबोधित करेंगे।

सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए पहली बार आयोजित होने वाले इस अनुठे कार्यक्रम में जिले के चार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं जयपुर में विधानसभा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय सरनाऊ के विद्यार्थी संतोष बिश्नोई भी शामिल हैं, जो मॉक विधानसभा में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित अनेक लोग उपस्थित रहेंगे।

प्रबल कार्यक्रम के लिए विद्यालय स्तर, ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर पर चयन के बाद राज्य के सभी जिलों से दो-दो छात्र एवं छात्राओं का मॉक विधानसभा कार्यक्रम के लिए चयनित हुए हैं।

राज्य स्तर पर चयनित 164 विद्यार्थियों में से स्क्रुटनी के बाद जिनका चयन विधानसभा में बोलने के लिए किया गया है उसमें जालौर जिले के छात्र संतोष बिश्नोई सम्मिलित है। सभी विद्यार्थियों के लिए विधानसभा में प्रस्तुतीकरण का विषय- हमारा भविष्य हमारा निर्णय, किशोर-किशोरियों के सशक्त भविष्य के लिए सुदृढ मानसिक स्वास्थ्य और उचित कॅरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता रखा गया है।

जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थी मॉक विधानसभा में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राएं में दिव्या सोनी पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर, करिश्मा कुमारी महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय, हनुमान शाला आहोर, संतोष बिश्नोई पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय सरनाऊ, अल्ताफ हुसैन - पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय बागरा का चयन हुआ। इन सभी विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता के रूप में हुआ है, जिसके बाद वे जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे हैं। प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन-कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर प्राचार्य एवं प्रभारी शिक्षकों तथा जिला स्तर पर मार्गदर्शक/मेंटोर शिक्षकों द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक स्तर से चयनित विद्यार्थियों को खीमसिंह राङ्गौड, शांतिलाल जीनगर एवं संदीप जोशी ने मॉक विधानसभा में प्रस्तुति हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक भंवरलाल परमार ने जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में चयनित छात्र-छात्राओं को विदाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विभाग द्वारा नियुक्त मेंटर शिक्षक संदीप जोशी, संबंधित विद्यालयों के शिक्षक विक्रमपुरी, रणजीत दवे, शिवदत्त शर्मा, अभिभावक आलोक सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने जिले का नाम रोशन करने का संकल्प व्यक्त किया।

डीईओ जालोर भंवरलाल परमार ने कहा, कि यह ऐतिहासिक क्षण है जब विद्यार्थी जीवन में ही जालोर जिले के बच्चे राजस्थान विधानसभा में मॉक मंत्रिमंडल और विधायकों की भूमिका निभाएंगे। यह अनुभव उनके व्यक्तित्व निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

कार्यक्रम अधिकारी देवेश सिंह दुआ ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना ऐतिहासिक और सराहनीय है। मॉक विधानसभा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रश्नकाल, बहस, विधेयक प्रस्तुत करने एवं पारित कराने जैसी विधायी प्रक्रियाओं का वास्तविक अभ्यास मिलेगा। इससे न केवल लोकतांत्रिक समझ विकसित होगी, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल भी सशक्त होंगे।

प्रशासन, राजनीति, कानून और सिविल सेवा में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह पहल भविष्य के करियर मार्गदर्शन में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

## राज्य सरकार के कार्य व उपलब्धियां गिनाई

**बालोतरा,** (निसं)। जिला मीडिया प्रभारी राजेश पुरी ने बताया कि राजस्थान सरकार के मंत्री जोराराम कुमावत, विधायक अरुण चौधरी, हमीर सिंह भायल, जिला प्रभारी और जिला अध्यक्ष ने अपने बात रखी।

जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बनी राज्य सरकार ने केवल दो वर्षों में जनसेवा को केंद्र में रखकर सुशासन और विकास की नई मिसाल कायम की है। सरकार ने पारदर्शी एवं जनसमर्पित कार्यशैली से प्रशासन को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाया है। विकास और उत्थान हेतु किए गए भगीरथ प्रयासों से वे राजस्थान को मजबूती से आगे बढा रहे हैं।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी करणसिह नेतरा ने भजनलाल शर्मा सरकार की जनसेवी प्रतिबद्धताओं की सराहना करते हुए कहा कि पल-प्रतिपल जनसेवा को समर्पित भजनलाल शर्मा सरकार, राजस्थान में नया इतिहास लिख रही है। यह राजस्थान के मान, सम्मान और स्वाभिमान के साथ साथ विकास के नवयुग का सशक्त निर्माण कर रही है। इस बात को हम सभी कार्यकर्ताओ को जन जन तक पहुंचाना होगा

जिलाध्यक्ष भरत मोदी ने कहा राजस्थान कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि इससे पहले कांग्रेस की गहलोत सरकार अपने कुर्सी युद्ध और भयानक आंतरिक खींचतान में उलझी रही। उसे राजस्थान के दु:ख-दर्द से कोई सरोकार नहीं था। तत्कालीन मुख्यमंत्री गहलोत और उपमुख्यमंत्री पायलट की तनातनी के बीच भ्रष्टाचार का साम्राज्य फलता-फूलता रहा और सरकार नाम की कोई व्यवस्था नहीं थी। प्रशासन ठहराव में था और जनता स्वयं को पूरी तरह उपेक्षित महसूस कर रही थी। ऐसे में जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर लोकप्रिय भजनलाल शर्मा सरकार को राजस्थान की बागडोर सौंपी।

सिवाना विधायक हमीर सिह भायल ने कहा भजनलाल शर्मा सरकार ने पहले ही दिन से कार्य प्रारंभ किया और लगातार दो वर्षो से बिना किसी विघ्न-बाधा, राजनीतिक संघर्ष या आंतरिक अस्थिरता के निरंतर जनसेवा में लगी हुई है। राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी की सरकार का पूर्ण सहयोग प्राप्त है। इसी सहयोग से राजस्थान की डबल इंजन सरकार निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और राज्य के नव-उत्थान को गति दे रही है।


पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने कहा कि भजनलाल शर्मा सरकार ने आमजन की जीवन-गुणवत्ता सुधारने के लिए नीतियों और योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाया है। सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान पर सरकार की संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखती है। योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुँचे, इसके लिए सरकार ने पारदर्शी तंत्र और आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग किया है।

इस दौरान कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुर जिला अध्यक्ष बाबू सिंह राजगुरु महेश चौहान पारसमल भंडारी एव जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष व सुशासन पखवाडा से जुडे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डूडसी विद्यालय में पुराने सिक्कों की प्रदर्शनी देखकर बच्चे हुए अभिभूत

जालोर, (कासं)। नो बैग डे कार्यक्रम के अवसर पर गतिविधि आयोजन के तहत राउमावि डूडसी में सिक्कों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य अरशाद खान द्वारा संग्रहित तकरीबन 110-115 प्रकार के सिक्कों का प्रदर्शन 5 स्टॉल लगाकार किया जिसे विद्यार्थियों ने बडे चाव से देखा। प्रदर्शनी से पूर्व प्रधानाचार्य द्वारा मुद्रा के प्रादुर्भाव, प्रचलन ,प्रवाहशीलता व प्रकार व महत्व को लेकर वार्ता दी गयी जिसमें आहत सिक्को से लेकर ,विभिन्न राजवंशो यथा मौर्य,गुप्त, पूर्व मध्यकाल, सल्तनत युग,मुगलकाल व ब्रिटिशकाल के सिक्कों की जानकारी व प्रकारों की जानकारी दी गयी । इतिहास में सिक्कों का अभिलेख, स्त्रोत, प्राप्ति स्थल को लेकर किस प्रकार इतिहास में साक्ष्य रूप में उपयोग किया जाता है ,ये भी जानकारी प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों को दी गयी, जिसे सभी विद्यार्थियों ने ध्यान से सुना। वाईस प्रिसिंपल भीखसिंह ने धातु की जगह विश्व में सर्वप्रथम सांकेतिक मुद्रा प्रचलन का उदाहरण देते हुए भारतीय इतिहास में सांकेतिक मुद्राओं के प्रयोग की जानकारी देते हुए वर्तमान में उनकी उपयोगिता बताई। सुमेरसिंह व्याख्याता ने वैश्वीकरण युग में अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्धो को निरूपित करते बाजार के सम्बन्ध में मुद्राओं के घटते बढते क्रम और प्रभाव को लेकर अपनी वार्ता दी, साथ ही बैंक तरलता और मुद्रा मूल्य की जानकारी प्रदान की। कम्प्यूटर अनुदेशक रोहित जांगिड ने वर्तमान में मुद्रा के बदलते स्वरूप को लेकर डिजिटल करेंसी पर जानकारी देते हुए विभिन्न देशो की मुद्राओं के बारे में जानकारी दी। प्रवीण कुमार वरिष्ठ अध्यापक ने फ्रांसिसी यात्री बर्नियर के कथन दुनिया भर में घूम कर सोना चांदी भारत के दलदल में समाहित हो जाता है, को लेकर बताया कि भारत देश किस



जालोर के पास रा.उ.मा.वि. डूडसी में पुराने सिक्कों की प्रदर्शनी का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रकार सें प्राचीन काल से मध्यकाल तक समृद्ध था। राजेश रावल वरिष्ठ अध्यापक ने मुद्राओं में प्रयुक्त धातुओं को प्राप्त करने की वैज्ञानिक विधियों का संक्षिप्त में वर्णन किया । भंवर सिंह वरिष्ठ अध्यापक ने अपने उद्बोधन नें 2016 में हुई नोटबंदी के अनुभव सुनाते हुए मुद्रा अवमूल्यन, विश्व बैंक व विश्व मुद्रा कोष की जानकारी दी। सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन वरिष्ठ व्याख्याता भंवरूखान बैलिम ने किया। स्टॉल व अन्य व्यवस्थाओं में स्टाफ साथी गोपाराम, जगदीश कुमार, सोनाली यादव व देवेन्द्र सिंहजी ने सहयोग दिया। बच्चों के द्वारा आजादी पूर्व के ब्रिटिश कालीन सिक्को ,एक आना, विक्टोरिया व जॉर्ज पंचम के सिक्को, सन 1840 की पाई ,बर्मा व पाकिस्तान के सिक्के , 12 आने के सिक्के को अचरज व आश्चर्य भाव से देखा गया। बच्चों द्वारा एक आना, एक पैसे ,दो पैसे ,तीन पैसे ,पांच पैसे ,पीतल के बीस पैसे को लेकर कौतूहल देखा गया तथा स्टॉल पर अपने गुरूओं से प्रश्न करते देखा गया । बच्चों द्वारा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के तहत सरकार द्वारा जारी 5,10,20 व 75 रूपये के सिक्कों को लेकर भी उत्साह देखा गया । कार्यक्रम समाप्ति पर सभी सहयोगकर्ता स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया ।

विद्यार्थियों द्वारा उक्त कार्यक्रम अत्यन्त उपयोगी, रोचक और अविस्मरणीय बताया गया । सभी बच्चों ने प्रदर्शनी का भरपूर आनंद उठाया।

### रणकपुर देखा

**पाली,** (नि.सं.)। शहर के खैरवा रोड स्थित कंकू विजय महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों को रविवार को सांस्कृतिक एवं खेल सप्ताह समापन पर रणकपुर जैन मंदिर व आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल मे किया शैक्षिणक भ्रमण करवाया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ करण सेन ने बताया कि सांस्कृतिक एवं खेल सप्ताह मे आशु भाषण, कविता पाठ, गायन, वाद विवाद , गोला फेक, लम्बी कूद, ऊँची कूद, बाधा दौड़ आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया था। जिसमे विजेताओ को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

## प्रदेश सरकार के 2 वर्ष पूर्ण, भाजपा की संगठनात्मक बैठक हुई

**पोकरण,**(नि.सं.)। प्रदेश में भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को पोकरण स्थित विधायक जनसंपर्क कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और सरकार की दो वर्षो की उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा।

बैठक के मुख्य अतिथि जैसलमेर भाजपा जिला प्रभारी श्रवण सिंह राव रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दलपत हिंगडा ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी, जिला महामंत्री संतोष पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह तंवर, जिला मंत्री मदनसिंह राठौड, लाखन सिंह जोधा एवं श्रवण पूनिया सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी श्रवण सिंह राव ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के सेवक के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तरीय कार्यकर्ता भाजपा संगठन की रीढ हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करें। विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पोकरण विधानसभा क्षेत्र को दो वर्षों में जितना बजट एवं विकास कार्य मिले हैं, उतने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पांच वर्षो में भी नहीं दे सकी। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र निर्माण की भावना से कार्य करने वाली पार्टी है, जिसने आमजन को विकास की मुख्यधारा से जोडा है। भाजपा जिला अध्यक्ष दलपत हिंगडा ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारीपूर्ण भूमिका से ही संभव है। प्रत्येक कार्यकर्ता यदि समर्पण भाव से कार्य करे तो संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति सुनिश्चित होगी।

बैठक में मंडल अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड, जितेंद्र माली, हजारी कुमावत, वंदना शर्मा, भंवर सिंह, दिनेश व्यास, मुकेश रंगा, राजेश व्यास, छगन माली, श्याम सुंदर, देरावर सिंह, पृथ्वीसिंह जैमला, अचलाराम प्रजापत, देवेंद्र व्यास, प्रद्युम्न रतनू, खेताराम, ओमदान रतनू सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नाकोड़ा तीर्थ पर भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



जीव दया प्रेमी रमेश कुमार मुथा को जीवदया प्रेमी की उपाधि से सम्मानित किया। फोटो-राष्ट्रदूत



नाकोड़ा ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष एवं मेला संयोजक के निर्देशन में तीर्थ के मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक को लेकर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा,** (निसं)। नाकोडा ट्रस्ट मण्डल अध्यक्ष एवं मेला संयोजक द्वारा बताया गया की आज तीर्थ के मुलनायक भगवान श्री पार्श्वनाथजी के जन्म कल्याणक के दिवस तीर्थ में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। लाभार्थी परिवार एवं पधारे हुये विशिष्ट अतिथियों का तीर्थ ट्रस्टमण्डल की और से बहुमान किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रमों के साथ ही पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी का तीर्थ ट्रस्ट मण्डल द्वारा बहुमान किया गया। आज तीर्थ के विभिन्न मंदिरो में वार्षिक ध्वजारोहण का कार्यक्रम एवं श्री पार्श्व भैरव महापुजन का आयोजन हुआ।

नाकोड़ा तीर्थ में प्रात: से ही श्रद्वालुओं की दर्शनार्थ लम्बी कतारे लगी हुई थी दोपहर में मेले के उपलक्ष्य में वरघोडा निकाला गया रात्रि में श्री वैभव बागमार, अनिल सालेचा भक्ति की रमझट जमाई।

इस वर्ष सम्पूर्ण मेला के लाभार्थी सम्पूर्ण मेला के लाभार्थी परिवार संघवी श्रीमति पानीदेवी मोहनलालजी मुथा परिवार, मांडवला हाल चैन्नई है।

आज सुबह लाभार्थी परिवार के सदस्यो का स्वागत ट्रस्टमण्डल सदस्यों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री नाकोडा तीर्थ अध्यक्ष रमेश कुमार मुथा, उपाध्यक्ष लुणकरण बोथरा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चौपडा एवं ट्रस्टीगण भरतकुमार मेहता, गौतमचन्द बालड, गौतमचन्द सिंघवी, कैलाश मेहता, कमलेश बालड, मांगीलाल संखलेचा, जगदीश छाजेड, वगतावरमल पारेख, गणपत लाल बुरड, पुरूषोतमदास सेठिया, प्रकाशचन्द वडेरा, महेन्द्रकुमार बागरेचा, हुलास बाफणा, सुरेश शाह, कांतिलाल शाह एवं पूर्व ट्रस्ट मंडल के सदस्य सहित कई लोग तीर्थ पर पहुंचे। **पाली संवाददाता के अनुसार :** श्री जीरावला मित्र मंडल पाली द्वारा संचालित रोटी बैंक के सेवा कार्यो को एक नई प्रेरणा उस समय मिली, जब जीव दया प्रेमी रमेश कुमार मुथा को उनके उत्कृष्ट मानवीय एवं करुणामय सेवा कार्यों के लिए श्री जीवदया प्रेमी की उपाधि से सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि मुथा पाली रोटी बैंक सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को तन-मन-धन से सहयोग प्रदान कर रहे हैं। विशेष रूप से रोटी बैंक के माध्यम से भूखे एवं असहाय जीवों के लिए नियमित रूप से भोजन व्यवस्था में उनका सहयोग अत्यंत सराहनीय है।

मुथा रोटी बैंक के प्रमुख भामाशाह है जिन्होंने अधिकतम सेवा राशि का योगदान निरंतर किया है।

इस अवसर पर रोटी बैंक के अध्यक्ष आनंद कवाड, लादूराम लोढ़ा, नितिन कोठारी, अशोक पारीक, राजू कोठारी सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।